हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 जून 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कलेक्टर ने ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को समझाया गणित



## खबर संक्षेप

### 26 जून को मनाया जाएगा मातमी पर्व मुहर्रम

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समुदाय का मातमी पर्व मोहर्रम 26 जून को मनाया जाएगा। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर 16 से 26 जून तक कदम्मी चौक पर दरूद खानी फातिहा-खानी, लंगर का आयोजन होगा। इसके साथ ही सत्तीपारा कर्बला में भी 26 जून तक फातिहा खानी होगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सलीम राज द्वारा मुहर्रम त्योहार के बारे में जो दिशा निर्देश जारी किया है। अंजुमन कमेटी उसे पूरी तरह से लागू कर रही है, सभी लोगों से आह्वान करती है मुहर्रम त्यौहार गम का त्यौहार है इसमें ढोल नगाड़ा डीजे किसी भी कीमत पर ना बजाया जाए ना उसका समर्थन किया जाए।

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का शीघ्र हो रहा समाधान

**राजपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत राजपुर ने ग्राम पंचायत आरा निवासी शाहिद रजा की शिकायत का शीघ्र समाधान किया। आवेदक ने 19 जून को टोकन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि हिना कौसर का विवाह अन्यत्र हो जाने के कारण उनका नाम पुराने राशन कार्ड से हटाया जाना आवश्यक है। शिकायत प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत द्वारा मामले की जांच की गई और मांग के अनुरूप राशन कार्ड से हिना कौसर का नाम विलोपित कर दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

### महान नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने 3 ट्रैक्टर को किया जब्त

**राजपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखते हुए अवैध कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की टीम द्वारा सिंहचौरा एवं गोपालपुर ग्राम स्थित महान नदी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान टीम ने महान नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरे 3 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया। जब्त वाहनों के पास वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा जब्त किए गए सभी वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस थाना राजपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। जिला खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी ने बताया कि संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण

# एयर फोर्स की टीम नीट का पेपर लेकर पहुंची सरगुजा, सीआरपीएफ की सुरक्षा में होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में यूजी कक्षाओं में प्रवेश हेतु नीट की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक होने के बाद फिर से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है और इस बार परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। नीट का पेपर एयर फोर्स सरगुजा पहुंची और पेपर को फिलहाल बैंक में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। वहीं पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी सीआरपीएफ की कड़ी व्यवस्था के बीच किया जाएगा। इधर परीक्षा को लेकर एनटीए द्वारा भी विशेष गाइड लाइन जारी किए गए है जिसका पालन अभ्यर्थियों को करना होगा। बड़ी बात यह है कि पिछले बार की तुलना में नीट परीक्षा देने वालों की संख्या 273 बढ़ गई है।

**खास बात**

- इस बार 5212 ने कराया पंजियन, 273 अभ्यर्थी बढ़े

बता दें कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 3 मई को किया गया था लेकिन बाद में परीक्षा के पेपर लीक हो गए जिसके बाद इस परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। एक बार फिर से एनटीए द्वारा नीट यूजी (2026) की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 21 जून को दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां परीक्षा के लिए कुल 13 केंद्र बनाए गए है इसके साथ ही इस बार परीक्षा में 5 हजार 212 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पिछले बार पेपर लीक की समस्या और आक्रोश को देखते हुए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। यही वजह है की नीट परीक्षा का पेपर एयर फोर्स के माध्यम से भेजा गया है। सरगुजा में भी नीट का पेपर लेकर वायु सेना के चॉपर से एयर फोर्स की टीम दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंची थी। यहां से पेपर को सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच अधिकारियों द्वारा बैंक में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पेपर को परीक्षा के दिन केंद्रों में भेजा जाएगा। गोपनीय सामग्री का वितरण भी सीआरपीएफ की सुरक्षा के बीच किया जाएगा ताकि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। बड़ी बात यह है कि इस बार नीट की परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। 3 मई को हुई परीक्षा में 4 हजार 939 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था और 4 हजार 763 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि इस बार परीक्षा के लिए संभाग से 5 हजार 212 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है इस हिसाब से इस बार परीक्षा में 273 अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।



### 1.30 बजे बंद हो जाएंगे गेट

21 जून को शहर के 13 केन्द्रों में नीट की परीक्षा होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होनी है लेकिन परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कड़ी जांच व्यवस्था से गुजरना पड़ेगा। जांच के लिए केन्द्रों को सुबह 11 बजे से ही खोल दिया जाएगा। एनटीए द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार धार्मिक अथवा पारंपरिक परिधान जैसे हिजाब, पगड़ी अथवा कृपाण धारण करने वाले अभ्यर्थियों को दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को दोपहर 1.15 बजे तक अपनी निर्धारित सीटों पर बैठना प्रारंभ करना होगा, जबकि 1.30 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एनटीए द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे एवं 1.45 बजे निरीक्षकों द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए जाएंगे तथा प्रवेश पत्रों की जांच की जाएगी। दोपहर 1.45 बजे प्रश्न पुस्तिका का वितरण तथा 1.50 बजे पुस्तिका पर आवश्यक जानकारी भरने की प्रक्रिया होगी। परीक्षा का औपचारिक प्रारंभ दोपहर 2 बजे होगा।

### पूरी हो गई है तैयारी



नीट की परीक्षा को लेकर एनटीए के निर्देशों के तहत तैयारियां पूरी कर ली गई है। नीट का पेपर लेकर एयरफोर्स की टीम सरगुजा पहुंची थी और पेपर को सुरक्षित बैंक में रखा गया है। पेपर का डिस्ट्रीब्यूशन भी कड़ी सुरक्षा के बीच होगा।

**अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा**

### निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य

इस बार भी नीट परीक्षा में निर्धारित ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र का एक दिन पूर्व अवलोकन करने तथा परीक्षा दिवस पर कम से कम तीन घंटे पहले केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा के लिए हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आने की अनुमति होगी, जबकि काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी अथवा गहरे चॉकलेटी रंग के वस्त्र पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिधान धारण करने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। परीक्षा केन्द्र में केवल चप्पल पहनकर आने की अनुमति होगी। कान की बालियां, अंगूठी, नाक की पिन, गले का हार, कंगन अथवा किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित रहेगा। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### लाने होंगे ये दस्तावेज

अभ्यर्थियों को एनटीए द्वारा अपलोड किए गए नवीन प्रवेश पत्र की स्पष्ट रंगीन प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा, जिससे उसकी मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। इसके अतिरिक्त एक अतिरिक्त पासपोर्ट आकार का फोटो तथा 4 बाई 6 इंच का पोस्टकार्ड आकार का फोटो भी निर्धारित प्रपत्र पर चिपकाकर साथ लाना होगा। परीक्षार्थियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी अथवा ड्राइविंग लाइसेंस जैसे मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों को लागू होने की स्थिति में संबंधित प्रमाण-पत्र भी साथ रखना होगा।

### लगाई गई मजिस्ट्रियल ड्यूटी

परीक्षा के दौरान केन्द्रों में सुरक्षा के इंतजाम होंगे। परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों में मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाईं गई है। इसके साथ ही केन्द्रों में जैमर और सीसीटीवी लगाए गए है। मेटल दितेक्त, बायोमैट्रिक सिस्टम लगाया गया है। बड़ी बात यह है कि इसी दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योग दिवस के कार्यक्रम में सरगुजा में होंगे। ऐसे में किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।



# जेडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो दर्जन स्वास्थ्य कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सूरजपुर जिले के दूरस्थ अस्पतालों का निरीक्षण करने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी नदारत पाए गए। जिसके बाद जेडी ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

- भैयाथान, ओडगी, बिहारपुर चांदनी का किया आकस्मिक निरीक्षण, नोटिस जारी

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शुक्ला दोपहर 12.30 बजे मातृ एवं शिशु अस्पताल भैयाथान पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में 9 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिसपर जेडी ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बीएमओ को नियमित रूप से उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर संधारण करने का निर्देश भी जारी किया गया। वहीं जेडी दोपहर 1.55 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी पहुंचे जहां दंत चिकित्सा अधिकारी पूजा मिश्रा व लैब टेक्नीशियन प्रियम चतुर्वेदी समेत 9 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पताल में साफ़ सफाई के साथ ही वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए दवाइयां एवं एंटी स्नेक वेनम भंडारित करने के निर्देश दिए गए है। जेडी ने शाम 4.30 बजे जिला सूरजपुर के दूरस्थ क्षेत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर चांदनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्था के निरीक्षण में साफ सफाई का अभाव पाया गया। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर चांदनी हेतु नया अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है इसे सीजीएमएससी को पत्राचार कर जल्द ही हैंडोवर किए जाने हेतु आवश्यक समन्वय किए जाने का निर्देश संस्था प्रभारी को दी गई। संस्था में पदस्थ चार अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं इन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगी जा रही है। इसके साथ ही जेडी ने सभी अधिकारियों को संस्था में शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के आईईसी मटेरियल को और लगाने हेतु निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माण कार्य में लेट लतीफी पर भड़के लोनिवि सचिव, ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लोक निर्माण विभाग सचिव मुकेश कुमार बंसल ने गुरुवार को जिला प्रवास के दौरान लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण, सड़क एवं भवन निर्माण तथा विद्युत एवं यांत्रिकी के अधिकारियों की बैठक लेकर सड़कों, भवनों व पुल-पुलियों के निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

- कहा- करें ब्लैक लिस्टेड, समय पर काम पूर्ण करने के निर्देश

बलरामपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, डीएफओ आलोक बाजपेई और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा ठेकेदारों के साथ सतत समन्वय बनाकर कार्यों को गति देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित कार्यों की जानकारी लेकर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश दिए। श्री बंसल ने बैठक में बलरामपुर-रामानुजगंज-सनावल, कामेश्वरनगर, कपिलदेवपुर, गणेशमोड़, जनकपुर, रमेशपुर-शंकरपुर, चंपा से बादा और कुसमी-कोरंधा मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न भवनों के निर्माण और अधोसंरचना परियोजनाओं के साथ ही शासकीय महाविद्यालय ⏭ शेष पेज 4 पर



### एनएच और कंठी घाट का किया निरीक्षण

लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री बंसल ने बैठक के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-343 और कंठीघाट में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-343 का निरीक्षण करते हुए कहा कि बरसात के पहले नाली निर्माण एवं जल निकासी संबंधी सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कर लें, ताकि वर्षा के दौरान आवागमन बाधित न हो व लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सड़कों और पुलों के निर्माण में गुणवत्ता तथा सड़क सुरक्षा के मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# भाजपा उपाध्यक्ष पद का उम्मीदवार हिट विकेट, कांग्रेस के अंशुल गोयल बने नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के प्रथम सम्मेलन में शुक्रवार को उपाध्यक्ष पद के चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, भाजपा की बड़ी रणनीतिक चूक, ओवर कॉन्फिडेंस और उपाध्यक्ष पद दावेदार का स्वयं का मत निरस्त हो जाने के कारण कांग्रेस के वार्ड क्रमांक-3 के पार्षद अंशुल गोयल एक वोट के अंतर से उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। निर्धारित समय पर शुरू हुई ⏭ शेष पेज 4 पर

- भाजपा प्रत्याशी प्रशांत अग्रवाल का स्वयं का वोट हुआ निरस्त, प्रक्रिया की दो से तीन बार दी गई थी ट्रेनिंग

### उपाध्यक्ष पद के लिए बराबरी का था मुकाबला, कई बार की गई थी वोटिंग की रिहर्सल

नगर पंचायत में 15 पार्षदों के अलावा निर्वाचित अध्यक्ष भाजपा के रितेश जायसवाल ने भी मतदान किया।बता दें कि चुनाव परिणामों के अनुसार कांग्रेस के 8 और भाजपा के 7 पार्षद निर्वाचित हुए थे,अध्यक्ष के मत को जोड़ने पर दोनों पक्षों के पास आठ-आठ वोट हो गए थे। ऐसे में उपाध्यक्ष का चुनाव बेहद रोचक हो गया था और माना जा रहा था कि एक से दो वोट ही हार-जीत का निर्णय तय करेगा। कांग्रेस अपने सभी पार्षदों को एकजुट रखने में सफल रही और उसके पक्ष में सभी 8 पार्षदों के वोट पड़े,वहीं भाजपा को तगड़ा झटका तब लगा, जब उसका उपाध्यक्ष पद उम्मीदवार प्रशांत अग्रवाल का ही एक स्वयं का मत निरस्त हो गया। जानकारी के अनुसार मतदान के दौरान प्रत्याशी के नाम के आगे क्रॉस (X) का मार्का निशान लगाना था, लेकिन भाजपा की तरफ से उपाध्यक्ष उम्मीदवार प्रशांत ने अपने एक मतपत्र में गोल निशान (O) अंकित कर दिया जबकि इस पूरी प्रक्रिया की दो से तीन बार पार्टी कार्यालय एवं पीठासीन अधिकारी के समक्ष रिहर्सल व ट्रेनिंग हो चुकी थी। तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के दौरान इसे अमान्य घोषित कर दिया। इसके बाद अंशुल गोयल को 8 और प्रशांत अग्रवाल को 7 मत प्राप्त हुए और कांग्रेस ने एक वोट से जीत हासिल कर ली। परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस नेता सुभाष गोयल, शफी अहमद, विजय गोयल, रमेश दानोदिया, नरेंद्र जैन, विनोद जिंदल, प्रवेश गोयल, केबी सिंह, रामाश्रय यादव, चंदन सिंह, मेहताब आलम, विमला देवी, लखन सोनी, दीपमाला सोनी, हर्ष दनोदिया सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में मनेगा किसान उत्सव दिवस

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पीएम-किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।जारी निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के उपयुक्त स्थानों पर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दस्तावेजीकरण के लिए ईपीसीएस एप के माध्यम से फोटो एवं अन्य गतिविधियों का संकलन किया जाएगा। साथ ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा तथा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### मारवाड़ी युवा मंच का योग शिविर कल

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ द्वारा 21 जून रविवार को भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें मंच के सदस्य, उनके परिवारजन तथा नगर के सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष अनीता फरमानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच योग की महत्ता और भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस योग शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। फरमानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर योग आज वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बन चुका है। दुनिया के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अध्यक्ष अनीता फरमानिया ने कहा कि स्वस्थ जीवन का सबसे सरल और प्रभावी आधार योग है। यदि हम प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालें तो अनेक बीमारियों से बच सकते हैं और बेहतर जीवन जी सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से 21 जून को प्रातः शिशु मंदिर प्रांगण पहुंचकर योग शिविर में सहभागी बनने तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की है।

### किसानों को मिलेगी किसान सम्मान निधि

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 23वीं किस्त की राशि का हस्तांतरण माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 20 जून 2026 को तारकेश्वर, हुगली (पश्चिम बंगाल) से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दोपहर 3:30 बजे किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त दिवस को ₹पीएम किसान दिवस₹ के रूप में मनाया जाएगा। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, सलका, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया में पीएम किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिले के 31,870 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 6.37 करोड़ रुपये की राशि सीधे डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

### बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक और रुचि बढ़ाने शिक्षकों को दिए विशेष निर्देश

# कलेक्टर ने ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को समझाया गणित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने शुक्रवार को बैकुंठपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को लगाई फटकार**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न लिखकर विद्यार्थियों को सरल तरीके से समझाया और उनसे प्रश्नों के उत्तर भी पूछे। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि एवं सीखने की ललक विकसित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों को नियमित रूप से नवाचारी एवं रोचक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए।



बच्चों को गणित बताती कलेक्टर।



निरीक्षण करती कलेक्टर।

#### पालकों से की कलेक्टर ने अपील

कलेक्टर यादव ने पालकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। बच्चों के सपने साकार करने में शिक्षकों को बड़ी भूमिका कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। कई विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी एवं सैनिक बनने की इच्छा व्यक्त की।

#### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा छठवीं एवं नवमीं में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत भी किया।रसोई घर का किया निरीक्षण कलेक्टर यादव ने बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच की , रसोई कक्ष में जाकर बनने वाले भोजन, सब्जी को भी परखा। उन्होंने शिक्षकों से कहा हरी सब्जियां, चावल, रोटियां, दाल, सलाद नियमित रुप से परोसे। बच्चों को हाथ धोकर भोजन करने के लिए प्रेरित करें साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर यादव ने पालकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। बच्चों के सपने साकार करने में शिक्षकों को बड़ी भूमिका कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। कई विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी एवं सैनिक बनने की इच्छा व्यक्त की।

#### प्राचार्य को मिली फटकार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों से पूछा कि विद्यालय खुलने के बाद भी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पालकों से संपर्क क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के बाद भी विद्यार्थियों का नहीं आना अत्यंत गंभीर विषय है। कलेक्टर ने प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्वयं पहल करें। कलेक्टर श्रीमती यादव ने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के बाद उनके करियर, विषय चयन तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में भी मार्गदर्शन दें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शिक्षक अपने बच्चों को अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, वकील या प्रोफेसर बनाने के लिए मेहनत करते हैं, उसी समर्पण के साथ विद्यालय के प्रत्येक बच्चे के भविष्य के लिए भी कार्य करें। सरकार ने शिक्षकों को बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राथमिक शाला बंजारीडांड में कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक बच्चे से बातचीत कर उनकी सीखने की क्षमता और शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। अध्ययन स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने प्रधान पाठक को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चे मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें उचित मार्गदर्शन और परिश्रम से बेहतर आकार दिया जा सकता है। उन्होंने बच्चों की क्षमता एवं दक्षता के विकास के लिए विशेष प्रयास करने तथा कक्षा अनुसार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित हो

कलेक्टर ने शिक्षकों को प्रत्येक शनिवार सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचानकर निखारने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी केवल नौकरी करना नहीं, बल्कि बच्चों का भविष्य गढ़ना, उनकी नींव मजबूत करना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने सभी विद्यालयों में तत्काल अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारंभ करने तथा पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन विद्यार्थियों को नई पुस्तकें प्राप्त नहीं हुई हैं।

### मुंडन कर चेहरे पर पोती थी कालिख, न्यायालय ने भेजा न्यायिक रिमांड पर जेल

# पत्नी के साथ हैवानियत करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पटना थाना क्षेत्र में बीते दिवस इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक गंभीर मामला सामने आया जहां एक पति ने अपनी पत्नी के चरित्र शंका को लेकर उसके साथ मारपीट की बल्कि पत्नी का सिर मुड़न कर दिया और चेहरे पर कालिख पोत दी। हैवानियत की हद पार करते हुए जबरन पेशाब पिलाने की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया।

इस मामले में पीड़ित पत्नी की शिकायत पर पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 167/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में इस अमानवीय व्यवहार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत में ग्राम रूनियाडीह थाना विश्रामपुर जिला सूरजपुर निवासी जितेन्द्र घसिया पर महिला के साथ मारपीट करने, गाली-गलौज कर धमकी देने और अपमानित करने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके सिर के बाल कैंची और ब्लेड से काट दिए तथा उसके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पटना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



गिरफ्तार आरोपी।



घटना का वीडियो वायरल, खुद लाकर पिलाया पेशाब

पति ने किया मुंडन, चेहरे पर पोती कालिख, बच्चे से कराया पेशाब

हैवानियत की हद

चार दिनों बाद भी कार्रवाई नहीं

की जाएगी कड़ी कार्रवाई

आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**20 साल पहले प्रेम विवाह किया था:** प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अमानवीय मामले में आरोपी व पीड़िता के बीच वर्ष 2006 में प्रेरम विवाह हुआ था। दोनों के दाम्पत्य जीवन से चार बच्चे हुए और शुरूआत में वैवाहिक जीवन अच्छा चल रहा था लेकिन बाद में पारिवारिक विवाद बढ़ने लगा इसके फलस्वरूप पीड़िता लगभग एक साल से पति से अलग अपने रिश्तेदार के यहां रह रही थी। जहां बीते दिनों आरोपी पति पहुंचा ओर चरित्र शंका को लेकर विवाद करने के दौरान मारपीट करने के साथ अमानवीय घटना को अंजाम दिया।

#### सोशल मीडिया में वीडिया वायरल किया

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में आरोपी पति ने अपनी पत्नी से चरित्र शंका को लेकर मारपीट करने के साथ, सिर मुण्डवाना, चेहरे पर कालिख पोतने के साथ ही पेशाब पिलाने का कृत्य किया। आरोपी पति ने अपनी पत्नी को अपमानित करने नियत से ऐसा अशोभनीय कृत्य किया गया तथा घटना का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल किया।

#### गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने की मांग

इस मामले में पीड़िता के भाई ने बताया कि मामले में पुलिस ने जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज होना चाहिए और आरोपी को आजीवन कारावास या फांसी की सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन के साथ आरोपी का रिश्ता एक साल से ठीक नही चल रहा था। भाई ने मामले की जानकारी सीएम कार्यालय सहित अन्य जगहों पर भेजने की जानकारी दी और कहा कि इस मामले में न्याय दिलाने के लिए अंतिम दरवाजा पर जाएंगे।

# अंकसूची के इंतजार में पांचवीं-आठवीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नया सत्र शुरू होने के बाद भी नहीं मिला दस्तावेज

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरूआत 16 जून से हो चुकी है, लेकिन कोरिया जिले में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों को अब तक अंकसूची का वितरण नहीं किया गया है।

बीते शिक्षा सत्र के अंतिम दिवस 30 अप्रैल को जिला स्तर पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया था। इसके बाद करीब डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद विद्यार्थियों को अंकसूची नहीं मिल पाई है। अंकसूची नहीं मिलने के कारण विद्यार्थी और अभिभावक परेशान हैं। अगली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, ऐसे में बच्चे प्रतिदिन अपने विद्यालय पहुंचकर अंकसूची मिलने की जानकारी शिक्षकों से ले रहे हैं। विद्यार्थियों को चिंता है कि अंकसूची के अभाव में अगली कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया प्रभावित न हो जाए। हालांकि विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) उनके क्षेत्र की पोषक शालाओं में भेजे जा रहे हैं, ताकि बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश मिल सके। शिक्षकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में पोषक शाला में विद्यार्थियों का नाम दर्ज किया जा सकेगा और अंकसूची मिलने के बाद उसकी फोटोकॉपी जमा कराई जा सकती है। अंकसूची उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी भी विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाएगा।



फाइल फोटो

# सीएमएचओ ने ली चिरायु कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में 18 जून को चिरायु कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिले में चिरायु योजना के तहत बच्चों को मिल रहे उपचार, सर्जरी एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, जिला सलाहकार डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, चिरायु टीम के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार गुप्ता सहित सभी विकासखंडों की चिरायु टीम, डीपीएचएन, डीपीसी एवं एनवीबीडीसीपी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे बच्चों की विभिन्न श्रेणियों (ए,बी,सी,डी एवं ई) की जानकारी ली गई। अब तक कराई गई सर्जरी, बच्चों की फॉलोअप स्थिति तथा लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए शेष बच्चों की सर्जरी शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के भ्रमण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आयु वर्ग के अनुसार सभी विद्यार्थियों को आयरन फोलिक एसिड का शत-प्रतिशत सेवन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि लक्षित हितग्राहियों को योजना का पूरा लाभ मिल सके। इसके अलावा निश्चय मित्र अभियान के तहत क्षय रोग (टीबी), कुष्ठ रोग एवं मलेरिया नियंत्रण को लेकर भी चर्चा की गई। जन-जागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा लोगों तक स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# कार सहित 32 बोरी चोरी का कोयला बरामद

**अनूपपुर।** बिजुरी पुलिस ने देर रात रेड कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला सहित ओमिनी कार को बरामद किया है।

रात के अंधेरे में हो रही थी कोयला तस्करी,गुलाब ग्राउंड के पास घेराबंदीकर अवैध कोयला परिवहन में लिप्त वाहन कोयला सहित जप्त किया,आरोपी द्वारा मारुति ओमनी वैन से रामनगर से लाकर बिजुरी में बेचने की थी तैयारी में था,वाहन चालक राजेश प्रजापति उर्फ सरदार 38 वर्ष पिता शंभू प्रजापति निवासी सीएमपीडीआई कैंप बिजुरी से जब पूछताछ की गई,तो उसने ओमनी कार में लोड 32 बोरी कोयला रामनगर से चोरी कर बिजुरी में बेचने के उद्देश्य से लाना स्वीकार किया,कोयले के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या खनिज रॉयल्टी रसीद न होने पर पुलिस ने वाहन सहित चोरी का कोयला जब्त कर लिया,जब्त 32 बोरी कोयले की कीमत 10,000/ बताई गई,पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई,इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह सहायक उपनिरीक्षक सउनि रविकरण पयासी एवं आरक्षक रवि सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।



- रामनगर से लाकर बिजुरी में बेचने की थी तैयारी

### मानसून की रफ्तार धीमी, झमाझम बारिश का इंतजार

# मानसून की देरी से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून की रफ्तार धीमी होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। इस वर्ष अब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है, जबकि बीते साल 15 जून से मानसून सक्रिय होकर लगातार बारिश की गतिविधियां शुरू हो गई थीं।

वर्तमान में हल्की बारिश और बूंदाबांदी तो हो रही है, लेकिन खेती-किसानी के लिए किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर के समय जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में अचानक आसमान में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम का मिजाज देखकर लोगों को तेज बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन कुछ देर की हल्की बौछार के बाद मौसम सामान्य हो गया। हालांकि देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे, जिससे धूप का असर कम रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सोनहत जनपद क्षेत्र के कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ जगहों पर अच्छी बारिश होने की जानकारी सामने आई है। किसानों का कहना है कि जब तक अच्छी बारिश नहीं होगी और जमीन में पर्याप्त नमी नहीं आएगी, तब तक खेती का काम गति नहीं पकड़ पाएगा। हल-बैल से खेतों की जुताई के लिए मिट्टी में नमी जरूरी होती है। हालांकि कुछ किसानों ने ट्रैक्टर से खेतों की जुताई शुरू कर दी है। मौसम में बदलाव देखकर बारिश की उम्मीद तो बढ़ रही है, लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। किसानों को अब अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार है, ताकि खरीफ फसलों की तैयारी शुरू की जा सके। कही हल्की तो कही तेज बारिश जिले में शुक्रवार को कई क्षेत्रों में बारिश हुई इस दौरान कही तेज तो कही हल्की बारिश हुई लेकिन कई क्षेत्र सूखे रहे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सोनहत जनपद क्षेत्र में कई जगहों पर जमकर बारिश हुई जबकि मुख्यालय बैकुण्ठपुर में इस दिन रूक रूक कर हल्की बारिश हुई।



#### अल्प व खण्ड वर्षा की स्थिति

इस वर्ष मानसून के देरी से किसानों की चिंता बढने लगी है हालांकि अभी ज्यादा देरी नहीं हुई है। आने वाले कुछ दिनों में मानसून सक्रिय हो जाता है और बारिश अच्छी होती है तो खेती किसानी कार्य जोर पकडने लगेगा। वर्तमान में जिले में ऐसी स्थिति है कि कही अल्प वर्षा हो रही है तो कही बूंदाबांदी। इस तरह अब तक खण्ड वर्षा की भी स्थिति निर्मित हुई है।

# लखपति दीदी अभियान ने बदली महिलाओं की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित लखपति दीदी अभियान जिले के विकासखंड सोनहत के ग्राम बिरौरीडांड और पिपरडांड में ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा है। ग्राम पंचायत कुशहा के अंतर्गत आने वाले ये दोनों गांव आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के सफल मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं ने विभिन्न आजीविका गतिविधियों को अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों गांव अब लखपति ग्राम बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं।

ग्रामीण परिवारों की महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित लखपति दीदी अभियान का लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण महिला की वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक करना है। इसी उद्देश्य को लेकर बिरौरीडांड और पिपरडांड में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। ग्राम बिरौरीडांड में कुल 48 परिवार निवासरत हैं, जिनमें से 44 परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक हो चुकी है। वहीं ग्राम पिपरडांड में कुल 38 परिवार हैं, जिनमें से 32 परिवारों ने एक लाख रुपए वार्षिक आय का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

इस प्रकार दोनों गांवों के लगभग 90 प्रतिशत से अधिक परिवार लखपति दीदी अभियान के दायरे में आ चुके हैं। इन गांवों की महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से नियमित बचत कर रही हैं तथा समूहों से ऋण प्राप्त कर विभिन्न आयवर्धक गतिविधियों का संचालन कर रही हैं।महिलाओं ने एकल आजीविका के बजाय बहुआयामी आजीविका मॉडल को अपनाया है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। कृषि आधारित गतिविधियों में सब्जी उत्पादन, दो फसली खेती, पाम प्लांटेशन, शहद उत्पादन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन शामिल हैं। वहीं गैर-कृषि क्षेत्र में सिलाई केंद्र, किराना दुकान, आटा चक्की, राइस मिल एवं अन्य लघु व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है।गांव की कई महिलाएं आज ह्यलखपति दीदीह्य के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। इनमें लीलावती, मंगली, रामबाई, नानी बाई, कुसुम, सुनीता, जयकुमारी, कुमुद धुर्वे, कौशल्या मीना, कल्पलता राजमणि और सुमित्रा सहित अनेक महिलाएं शामिल हैं।



खबर संक्षेप



## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बाल वाटिका प्रवेश प्रारंभ

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बाल वाटिका कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा 3 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार पीएम श्री स्कूलों में संचालित बाल वाटिका कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। बाल वाटिका में बच्चों को पारंपरिक पढ़ाई के बजाय खेल-आधारित एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति से सीखने का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को खिलौनों, चित्रों, कहानियों, कला, संगीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। जादुई पिटारा जैसी नवाचारपूर्ण शिक्षण सामग्री का उपयोग कर बच्चों में भाषा, संज्ञानात्मक क्षमता, सामाजिक व्यवहार तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का विकास किया जाएगा। इससे बच्चों की सीखने में रुचि बढ़ेगी और वे विद्यालयी वातावरण से सहज रूप से जुड़ सकेंगे।

## छायाचित्र प्रदर्शनी में केंद्र व राज्य सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों से रूबरू हुए नागरिक



**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुराना बस स्टैंड में आयोजित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में आकर्षक छायाचित्रों, सूचनात्मक सामग्री एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विगत 12 वर्षों के दौरान संपादित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश एवं प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शित चित्रों व जानकारियों में गहरी रुचि दिखाई तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों ने इन योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की और इसे आमजन तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक प्रयास बताया।

## सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में 20 श्रद्धालु होंगे शामिल

**बैकुण्ठपुर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित होने वाली सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में कोरिया जिले से 20 विशिष्टजन एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। यह 5 दिवसीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक यात्रा 22 जून से 26 जून 2026 तक रायपुर से सोमनाथ (गुजरात) तक विशेष ट्रेन के माध्यम से आयोजित की जाएगी। संस्कृति विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से 1000 विशिष्टजनों की सहभागिता के साथ सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ 22 जून 2026 को प्रातः 9 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा।

### पेयजल के लिए तरस रहे आंगनबाड़ी के बच्चे व गांव के लोग

# जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से निर्मित पानी टंकी बनी शोपीस


हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च कर जल जीवन मिशन संचालित किया जा रहा है। कुछ ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को योजना का लाभ मिल रहा है लेकिन प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम रमगांव में इस महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ग्राम पंचायत में लगभग 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी पानी के अभाव में शोपीस बनी हुई है। ऐसे में आंगनबाड़ी के बच्चे और गांव के ग्रामीणों को को आज भी पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- आंगनबाड़ी के बच्चे घर से ला रहे पीने का पानी, की में नहीं पहुंचा पानी

ग्रामीणों के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्र के समीप वर्षों से एक हैंडपंप लगा हुआ था, जिससे आंगनबाड़ी और स्कूल के बच्चों सहित गांव के लोग पेयजल सहित निस्तारण के लिए उपयोग कर रहे थे। दैनिक उपयोग के लिए हैंडपंप प्रमुख जल स्रोत था। लेकिन कुछ साल पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण किया गया और ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध पेयजल की सप्लाई हो इसके लिए इसी हैंडपंप के बोर को टंकी से जोड़ दिया गया। इसके लिए बोर में सबमर्सिबल पंप भी डाल दिया गया, लेकिन न तो टंकी तक पानी पहुंच सका और न ही आज तक बिजली कनेक्शन की व्यवस्था हो सकी। परिणाम यह रहा कि जल जीवन मिशन की पानी टंकी तो कभी चालू नहीं हुई वहीं पहले से जो सुचारू रूप से चल रहा हैंडपंप भी खराब हो गया। अब स्थिति यह है कि गांव में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को पानी की सुविधा नहीं मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की मांग है कि यदि जल जीवन मिशन की योजना शुरू नहीं हो पा रही है तो कम से कम पहले की तरह हैंडपंप को चालू कर दिया जाए, ताकि बच्चों और ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिल सके।



अनुपयोगी पानी टंकी।

**कराई जाएगी जांच**

जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी में पानी नहीं आ रहा है तो संबंधित विभाग से जवाब तलब किया जाएगा। साथ ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जो चलता हुआ हैंडपंप को भी अधीन करके पंप डाला गया है उसके बाद आज तक नहीं चली यह गंभीर विषय है।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

**बच्चे घर से लेकर आते हैं पानी**

आंगनबाड़ी स्थित हैंडपंप के बोर में सबमर्सिबल पंप डालकर पानी टंकी से जोड़ देने से हैंडपंप का उपयोग बंद हो गया है। ऐसे में न तो पानी टंकी में पानी पहुंच रहा है और न ही हैंडपंप को पूर्व की भांति बनाया गया जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे अपने घरों से बोतलों में पानी भरकर आंगनबाड़ी आते हैं। यहां तक कि भोजन बनाने वाली रसोइया भी अपने घर से पानी लेकर आती है। भोजन के दौरान भी बच्चों को घर से लाया गया पानी ही पीना पड़ता है।

**टंकी की हालत बदहाल**

गांव में बनी पानी टंकी की हालत भी बदहाल होती जा रही है। रखरखाव और संचालन के अभाव में योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन का यह कार्य भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश है।

**जांच व कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण योजनाएं धरातल पर दम तोड़ रही हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों और मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनी टंकी वर्षों से बंद पड़ी है और बच्चों को पीने के पानी के लिए घर से बोतल लेकर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और शीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।



## डीजल-खाद संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को डीजल, खाद और उर्वरक की उपलब्धता में आ रही गंभीर परेशानियों को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव कर सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना है कि प्रतापपुर विकासखंड के खड़गवां, धोन्धा, रामपुर, भैसामुंडा, पोड़मोड़ और प्रतापपुर क्षेत्र में पेट्रोल पंप तो हैं, लेकिन ग्रामीण अंचलों से उनकी दूरी औसतन 20 किलोमीटर तक है। इसके बावजूद किसानों को जरीकन में डीजल देने से मना किया जा रहा है। ट्रैक्टर लेकर पहुंचने पर भी मात्र एक हजार रुपये का डीजल दिया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी का कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि खरीफ फसल की तैयारी शुरू हो चुकी है, खेतों की जुताई, बीड़ा और सिंचाई का कार्य तेजी से किया जाना है,लेकिन डीजल की अनुपलब्धता के कारण किसान भारी संकट से गुजर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे कृषि यंत्र और हस्तचालित मशीनों का उपयोग किया जाता है, जिन्हें पेट्रोल पंप तक ले जाना संभव नहीं है। इसके बावजूद किसानों को राहत नहीं दी जा रही है। धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सहकारी समितियों में खाद और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों ने कहा कि उर्वरक के लिए परमिट जारी करने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया जाए तथा जिला सहकारी बैंक में जमा चेक राशि का एक ही दिन में खाते में अंतरण कर किसानों को नगद निकासी की सुविधा दी जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान विद्यासागर आयाम, नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, जगत लाल आयाम, सुरेश चक्रधारी, शिवकुमार जायसवाल, नेहरू पटेल, विनोद नेताम, राजू सिंह आयाम, कलमेश राजवाड़े, प्यारेलाल नागवंशी, रामजनम यादव, जानसाय, विजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सिकल सेल दिवसः कलेक्टर ने जाना मरीजों का हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले उपस्थित रहे। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम ने सिकल सेल रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने उपस्थित सिकल सेल मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक आनुवंशिक बीमारी है तथा इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मरीजों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि नियमित खान-पान से शरीर में रक्त की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों की सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में सिकल सेल मरीज मोहरमनिया एवं आशा सोनवानी ने स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सहयोग तथा समय पर दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सिकल सेल मरीजों की सहायता हेतु टोल-फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दिव्यांग हितग्राहियों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शीघ्र तैयार कराने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के आलोक भवाल, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सिकल सेल मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया तथा उनसे पोस्टरों के विषय में जानकारी प्राप्त की। प्रतियोगिता में रितिका ने प्रथम स्थान एवं भीम राजवाड़े ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सांत्वना पुरस्कार उर्मिला सिंह, चंचल प्रजापति एवं नैना प्रजापति को प्रदान किया गया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राजेश कुमार राय आ. स्व. रामअधार राय जाति भूमिहार ब्राम्हण, उम्र 57 वर्ष, पेशा व्याख्याता शा.क.उ.मा.वि. सीतापुर, निवासी ग्राम सीतापुर, पोस्ट सीतापुर थाना व तह. सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री श्रेष्ठा राय (SHRESTHA RAI) ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 10वीं 2021-22 व 12वीं 2023-24 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। दाखिल के समय मेरे द्वारा भूलवश स्कूल रिकार्ड में से मेरा अर्थात पिता का नाम राजेश राय (RAJESH RAI) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक एवं सही नाम राजेश कुमार राय (RAJESH KUMAR RAI) है। जो कि सत्य एवं सही है। मेरे सभी शैक्षणिक एवं आधिकारिक दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश कुमार राय (RAJESH KUMAR RAI) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है। अपनी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में पिता का नाम त्रुटिपूर्ण नाम में सुधार कर वास्तविक नाम राजेश कुमार राय (RAJESH KUMAR RAI) दर्ज करने के संबंध में अपना स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
राजेश कुमार राय
आ. स्व. रामअधार राय
निवासी- ग्राम सीतापुर, पोस्ट सीतापुर थाना व तह. सीतापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

**उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग**

सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें

कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है

आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026

सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**उदयपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर झिरमीटी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर साला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच चंदन एक्का, राकेश अग्रवाल, अखंड विधायक, आकाश जायसवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुमधुर स्वागत गीत एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। अतिथियों का स्वागत उद्बोधन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मृत्युंजय पांडे द्वारा किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान मंत्री सहित समस्त अतिथियों द्वारा विद्यालय में पहली बार कदम रख रही छात्राओं का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर, आरती उतारकर और मुंह मीठा कराकर किया गया। साथ ही साथ नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने छात्राओं को नियमित शिक्षा ग्रहण करने और जीवन में अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय ग्रामीण और वंचित वर्ग की बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। यह विद्यालय बालिकाओं की शिक्षा के साथ-साथ एक सुरक्षित और बेहतर माहौल प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं और सरकार उनकी शिक्षा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधरोपण किया। इस दौरान एसडीएम रामराज सिंह, सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, तहसीलदार तारा सिदार, अधीक्षक श्रीमती प्रमिला सरोजिनी लकड़ा, अरविंद ध्रुव, श्रीमती चंदना सिरदार, श्रीमती श्रुतिका मुद्गल सहित संकुल समन्वयक व विद्यालय की शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

**गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज**
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
IGNOU
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी, सोनोग्राफी की सुविधा, महिलाओं में संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन, बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी प्रबंधन, हारमोन एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं, 24×7 दवाई इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles), फिस्टुला (Fistula), फिशर (Fissure), हाइड्रोसील (Hydrocele), अपेंडिक्स (Appendix), स्तन की गांठ, पित्त की थैली की पथरी, बच्चेदानी की गांठ एवं सिस्ट, चोट एवं फोड़े-फुंसी, अन्य सभी प्रकार की गांठों का इलाज एवं ऑपरेशन
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
-COLLEGES COUNSELLING
-DEEMED COLLEGE
-COUNSELLING
-STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
-FORM FILLUP ASSISTANCE
-LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द माइग्रेन (सर दर्द), पार्किंसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना)
ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
• श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
• सांई पॉलीक्लिनीक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### पंजीकरण शिविर के पहले दिन 44 आवेदनों का किया गया निराकरण

**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में विश्वास के विकास के जनकल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत 3 दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस विधायक सामरी श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। शिविर में महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महतारी वंदन ईकेवाईसी के 9 एवं आधार कार्ड हेतु 15, कृषि विभाग एग्रीस्टेक पंजीयन हेतू 40, राजस्व विभाग से आय प्रमाण-पत्र हेतु 4 निवास प्रमाण-पत्र हेतु 3 जाति प्रमाण-पत्र हेतु 2 नामांतरण हेतु 1 तथा श्रम विभाग से श्रम पंजीयन हेतु 4 आवेदक का पंजीयन किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु 2 एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से नवीन राशन कार्ड एवं सदस्य जोड़ने हेतु 9 आवेदकों के आवेदन-पत्र पंजीबद्ध किए गए। शिविर में कृषि विभाग को एग्रीस्टेक पंजीयन हेतु प्राप्त 40 एवं श्रम विभाग को प्राप्त 4 आवेदन पत्र निराकरण किए गए। विधायक ने प्राप्त आवेदन पत्रों को समय-सीमा में निराकरण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिविर में श्रीमती प्रियंवदा सिंह, मोहन अग्रवाल, विवेक जायसवाल, मुकेश कश्यप, अमीनसाय, अनुरंजन यादव, कसीम अंसारी सहित अधिकारी/कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा खोलने नहीं हुई पहल

**बिहारपुर।** दो साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा को पूरा करने कोई पहल नहीं की गई है। इधर सीएम की घोषणा पर अमल नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों को बैंकिंग कार्यों के लिए 70 किमी दूर विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूरजपुर में 1 अक्टूबर 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय सियान सम्मान समारोह में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा से क्षेत्र के किसानों में लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन सीएम की घोषणा के दो साल बाद भी इस दिशा में प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। हालत यह है क्षेत्र के किसानों को आज भी धान विक्रय की राशि एवं केसीसी सहित अन्य संबंधित कार्यों के लिए 70 किमी दूर विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी स्थित बैंक शाखा का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाका होने के कारण क्षेत्र में आवागमन की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। बैंक प्रबंधन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र के किसानों के भुगतान के लिए सप्ताह में एक दिन का समय निर्धारित किया गया है। जैसे-तैसे किसान लम्बी दूरी तय कर बैंक में पहुंचते भी हैं तो उन्हें आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिल पाती कई बार विलम्ब होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इसी तरह केसीसी सहित अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए किसानों को बार-बार बैंक का चक्कर लगाना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग कर रहे हैं।

### अजीत अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार महामंत्री

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ सत्र 2026-31 की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष





अरविन्द सिंघानिया एवं प्रदेश उप महामंत्री विकास अग्रवाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष रामवतार द्वारा अजित अग्रवाल को जिला अध्यक्ष सरगुजा एवं कृष्ण कुमार गर्ग को महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। अजीत अग्रवाल पूर्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 21 जून 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग



विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.हिमांशु कोल्हे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.केएस भाटिया, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.अंबर गर्ग संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## 11 महीने पूर्व ट्रस्ट ने किया था टेंडर एवं करार

# राशि के अभाव में अटका कुदरगढ़ धाम में रोपवे का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत प्राचीन कुदरगढ़ देवीधाम में रोपवे निर्माण की राह की चुनौतियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कुदगरगढ़ देवीधाम द्वारा एजेंसी से किए गए करार के अनुसार निर्माण पूरा करने के लिए मात्र चार महीने का समय शेष बचा है। शासन ने बजट में राशि की स्वीकृति भी दे दी है लेकिन अभी तक राशि उपलब्ध नहीं हुई है। ऐसे में पूर्व में निर्माण एजेंसी को दी गई राशि के डूबने की संभावना पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की धड़कने बढ़ती जा रही है।

**खास बात**
- शासन ने बजट में दी है राशि की स्वीकृति

कुदरगढ़ देवी धाम का संचालन ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि के दौरान धाम में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के साथ ही एमपी, यूपी, झारखण्ड सहित अन्य प्रांतों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। देवी का मंदिर ऊंची पहाड़ी पर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को सीढ़ियों के माध्यम से घंटों चढ़ाई करनी पड़ती है। भारी भीड़ उमड़ने के कारण श्रद्धालु मध्यरात्रि से ही पहाड़ी की चढ़ाई शुरू कर देते हैं। बुजुर्ग एवं महिलाएं इस कष्ट साध्य चढ़ाई को पूरा नहीं कर पाते नीचे से ही मत्था टेककर वापस लौट जाते हैं। देवी धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। देवी धाम तक श्रद्धालुओं के सफर को आसान बनाने के उद्देश्य से कुदरगढ़ ट्रस्ट पिछले दो दशकों से रोपवे निर्माण की पहल कर रहा है लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वनविकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 अप्रैल 2025 को रोपवे निर्माण का भूमिपूजन कर निर्माण के लिए शासन से 13 करोड़ रूपए उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। शासन से रोपवे निर्माण की राशि शीघ्र उपलब्ध होने की उम्मीद में ट्रस्ट रोपवे निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करा दी तथा टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद करार के अनुसार शुरूआती कार्यों के लिए शासन से राशि उपलब्ध होने पर लौटाने की शर्त पर 2 करोड़ रूपए का भुगतान भी कर दिया। शासन द्वारा बजट में कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है लेकिन ढाई महीने से अधिक समय गुजरने के बावजूद स्वीकृत राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्रस्ट की परेशानियां बढ़ गई है तथा पदाधिकारियों को करार की शर्तें पूरी नहीं होने एवं ट्रस्ट को भारी आर्थिक नुकसान होने का भय सता रहा है।



### पहाड़ी पर 910 सीढ़िया

कुदरगढ़ धाम तक पहुंचने के लिए पहाड़ी को काटकर ऊंची-ऊंची 910 सीढ़ियां बनाई गई है। तत्कालीन जरूरतों के अनुसार निर्मित सीढ़ियां श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के सामने काफी संकरी एवं खतरनाक साबित हो रही है। एक पखवाड़े पूर्व ही चढ़ाई के दौरान एक श्रद्धालु को हार्ट अटैक आ गया था। समुद्र तल से कुदरगढ़ पहाड़ की ऊंचाई 2000 फीट ऊपर होने के कारण अब सीढ़ियों की चढ़ाई कठिन होते जा रही है।

### निर्माण के लिए 4 महीने का समय

कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद 10 अगस्त को हैदराबाद की आरकॉम कंपनी के साथ करार किया है। करार के अनुसार निर्माण एजेंसी तीन चरणों में निर्माण करेगी तथा हर चरण के निर्माण के लिए ट्रस्ट निर्धारित राशि का भुगतान करेगा। प्रथम चरण में रोपवे निर्माण के लिए सर्वे, पिलर निर्माण के लिए कठोर सतह का चयन, स्थल का चिन्हांकन, भूमि की सतह का सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन तैयार करने का निर्धारण किया गया था। ट्रस्ट द्वारा दिए गए 2 करोड़ की राशि से निर्माण एजेंसी ने प्रथम चरण का कार्य पूरा कर निर्माण का प्राक्कलन महीनों पूर्व सौंप दिया है तथा दूसरे चरण का निर्माण प्रारंभ करने के लिए महीनों पूर्व से 3 करोड़ की मांग कर रही है। करार के अनुसार रोपवे निर्माण के लिए निर्धारित समय में से 11 महीने गुजर गए है। अब बरसात शुरू हो गई है तथा बरसात में निर्माण होना संभव नहीं है। ऐसे में करार की अवधि समाप्त होने एवं समय पर राशि उपलब्ध नहीं कराने पर ट्रस्ट की परेशानियां बढ़ सकती है।

### पूर्व में भी हो चुकी है पहल

इसके पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण का भूमि पूजन कर शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े की पहल पर राज्य सरकार ने कलेक्टर को डीएमएफ से 3 करोड़ रूपए आरक्षित करने पत्र लिखा था लेकिन राशि उपलब्ध नहीं हो सकी। इधर रोपवे निर्माण की लागत भी बढ़ती गई।

### नहीं मिली है राशि

शासन द्वारा कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण के लिए बजट में स्वीकृति प्रदान की गई लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया जा रहा है।

**-भुवन भास्कर सिंह**, कुदरगढ़ मेला अध्यक्ष



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम चोरकी पानी में गाज की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत हो गई। गुरूवार को मवेशी घर नहीं लौटे तो शुक्रवार को पालक उन्हें खोजने निकला तो मृत मवेशी एक पेड़ के नीचे मिले।

ग्राम चोरकीपानी के भानुप्रताप यादव ने गुरूवार को अपने 10 मवेशियों को चरने के लिए खुले में छोड़ा था। देर शाम सिर्फ चार मवेशी घर लौटें। देर रात 5 गाय एवं एक बछड़े के घर नहीं लौटने पर शुक्रवार की सुबह किसान उनकी तलाश में निकला। लम्बी तलाश के बाद सभी मवेशी एक पेड़ के नीचे मृत मिले। किसान ने बताया कि गुरूवार को शाम तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई थी। बारिश से बचने मवेशी पेड़ के नीचे खड़े थे। इस दौरान गाज की चपेट में आने के कारण पांच गायों एवं एक पछड़े की मौत हो गई।

## सात लीटर शराब व 45 किलो महुआ लाहन के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

**राजपुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम दुप्पी में दबिश देकर ग्रामीण के पास से सात लीटर महुआ शराब के साथ 45 किलो महुआ लहान जब्त किया है। टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी एसएन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में गश्त करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम दुप्पी निवासी सुकूल चंद के दबिश देकर उसके घर से 7 लीटर महुआ शराब व 45 किलो महुआ लाहन जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि ग्राम दुप्पी निवासी सुकूल चंद के पास से 7 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब व 45 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई है।



## बंद खदान से तीसरे दिन शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की उत्पादन के बाद बंद पड़ी पांच-छह नंबर पोखरिया खदान में मिले शव को पुलिस ने तीसरे दिन नगर सेना और एसडीआरएफ की संयुक्त खोजी टीम की मदद से बरामद कर लिया। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे जवानों ने अथाह जल में पड़े शव को बाहर निकाला। शव पूरी तरह सड़-गल चुका था और उसकी कमर में नायलॉन की कपड़े वाली रस्सी से एक पत्थर बंधा हुआ मिला।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि 17 जून को डायल-112 के माध्यम से एक स्थानीय युवक ने खदान के पानी में शव दिखाई देने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और नगर सेना सूरजपुर की टीम को बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन पहले दिन शव का पता नहीं चल सका। दूसरे दिन अंबिकापुर से एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, फिर भी सफलता नहीं मिली। तीसरे दिन सूरजपुर और अंबिकापुर की संयुक्त एसडीआरएफ टीम ने पुनः तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान पानी में डाले गए झग्गर में शव फंस गया और जवानों ने उसे बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार, चिकित्सकों की प्रारंभिक जांच में शव एक 25 से 30 वर्षीय युवक का प्रतीत हो रहा है। शव करीब 15 से 20 दिन पुराना बताया जा रहा है। लंबे समय तक पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह क्षत-विक्षत और सड़-गल चुका है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव की विशेष जांच और पोस्टमार्टम के लिए उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। शव की स्थिति और कमर में पत्थर बंधा मिलने से मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पहले मृतक की शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मामले की दिशा स्पष्ट हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि बंद खदानों की क्वारियों में इस तरह की कई घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

### खाद बीज विक्रय की अनियमितता पर कृषि विभाग की कार्रवाई

**सलका अधिना।** खरीफ सीजन शुरू होते ही बाजार में खाद बीज की आवक शुरू हो गई है। साथ ही विक्रय केंद्र द्वारा लाइसेंस के नियमों के उल्लंघन की भी शिकायत मिलने लगी है। जिसे ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग की टीम जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग की टीम ने आज बुंदिया धरमपुर एवं भैयाथान में बिक्री केंद्रों की जांच की तथा नियमानुसार कार्रवाई की गई। बुंदिया में संचालित मां महामाया कृषि सेवा केंद्र में के रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं रखने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया तो वहीं बाबा कृषि सेवा केंद्र धरमपुर में बीज बिक्री के रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी किया गया। भैयाथान झिलमिली चौक पर संचालित यदुवंशी कृषि सेवा केंद्र में बिना लाइसेंस बीज विक्रय किए जाने पर दुकान को सील कर दिया गया। कृषकों को मानक स्तर पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक व बीज सुलभता से प्राप्त हो इसके लिए उप संचालक कृषि संपदा पैकरा के निर्देश पर कार्रवाई की गई। टीम में विकासखंड भैयाथान कृषि विभाग अधिकारी मनीष कुमार शर्मा,कृषि विकास अधिकारी लक्ष्मीकांत कुशवाहा व अभिषेक गुप्ता शामिल है।

## पेज 1 के शेष...

### निर्माण कार्य में लेट...

भवन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। शासन की प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करना अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जवाबदेही से कार्य करने तथा गुणवत्ता व समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

### भाजपा का उपाध्यक्ष पद ...

निर्वाचन प्रक्रिया में भाजपा की तरफ से वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद गुरुद्वारा गली निवासी प्रशांत अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल तथा कांग्रेस की तरफ से वार्ड क्रमांक-3 के पार्षद फ़ौजी गली निवासी अंशुल गोयल पिता सुभाष गोयल ने नामांकन दाखिल किया। दोपहर 2 बजे मतदान शुरू हुआ और लगभग 2.40 बजे परिणाम घोषित किए गए,पीठासीन अधिकारी व एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल ने अंशुल गोयल को उपाध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण-पत्र सौंपा।

**एक ही पैनल के माने जाते हैं दोनों पार्टी के उपाध्यक्ष उम्मीदवार,पार्षद चुनाव में भी कराई गई थी म्यूच्यूअल वोटिंग-** बता दें कि फ़ौजी गली व गुरुद्वारा गली निवासी उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार एक ही पैनल के माने जाते हैं,नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के बहूचर्चित दो वार्ड पार्षद चुनाव क्रमांक 3 और 15 में भी आपसी रणनीति के तहत दोनों तरफ से अपने पक्षकार को जीताने के लिए रिश्तेदारों से मयूच्यूअल वोटिंग कराई गई जिसका असर उपाध्यक्ष चुनाव में भी देखने को मिला,इसे मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 15 में दिलाई गई जीत के लिए अपने वोट की आहुति दिए जाने के नजरिये से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि दूसरी तरफ सत्ताधारी पार्टी भाजपा इस पुरे मामले को डाइजेस्ट नहीं कर पा रही। उपाध्यक्ष पद का परिणाम सामने आते ही भाजपा खेमे में निराशा छा गई,अध्यक्ष पद जीतने के बाद पार्टी उपाध्यक्ष पद को भी अपने खाते में मानकर चल रही थी, लेकिन एक मत निरस्त होने से पूरा समीकरण बदल गया,परिणाम की घोषणा के बाद भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मायूस होकर लौटते नजर आए।

## फर्जी केसीसी ऋण और धान भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी



**रामानुजगंज।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 की लंबित भुगतान राशि तथा किसानों के नाम पर दर्ज कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने किसान नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे हुए हैं और अपनी मांगों के समर्थन में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि जिले में अनेक किसानों के नाम पर उनकी जानकारी के बिना केसीसी ऋण दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण धान बिक्री की राशि रोक दी गई है जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि फर्जी ऋण प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा धान खरीदी की लंबित राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। धरने के दौरान किसानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 20 जून से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने सामूहिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम को लिखित सूचना भी दी गई है। आंदोलन को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे धरना स्थल पहुंचे और किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि अब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मामले में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और किसानों की जायज मांगों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। किसान नेता नरेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। तीसरे दिन भी धरना स्थल पर किसानों का जमावड़ा बना रहा और सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## शिक्षा, रोजगार संकट पर जारी रहेगा राहुल गांधी का संवाद : द्वितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था 1 हजार छात्रों में से मात्र 12 छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराता है। प्रति 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 1 छात्र यूपीएससी में चयनित होता है। 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 30 आईआईटी और 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 118 डॉक्टरी की परीक्षा में सफल हो पाते हैं।

ऐसे परीक्षाओं की तैयारी पर अभिभावक भारत सरकार के शिक्षा पर बजट 1.4 लाख करोड़ से तिगुनी राशि खर्च कर रहे हैं। नतीजतन सलेक्शन के बाजय रिजेक्शन का यह सिस्टम छात्रों पर दबाव बना उन्हें आत्महत्या को प्रेरित करने के साथ ही साथ देश मे बेरोजगारी का संकट भी खड़ा कर रहा है। शिक्षा और रोजगार संकट पर राहुल गांधी का यह संवाद लगातार जारी रहेगा। इसके तहत 10 जुलाई को प्रयागराज, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को नई दिल्ली में संवाद होगा। कोटा में छात्रों की गूंज संवाद के तथ्यो को समझते हुए कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि हाल ही में नीट पेपर लीक के बाद 14 बच्चों ने आत्महत्या कर लिया। साल 2023 में लगभग 67000 युवाओं ने पेपर लीक, बेरोजगारी जैसे दबाओं के आगे आत्महत्या कर लिया, लेकिन इससे देश की सत्ता को कोई फर्क नहीं पड़ा। मौजूदा सरकार ने देश की प्रतियोगी व्यावसायिक परीक्षाओं की जिम्मेदारी एनटीओ नाम के एक एनजीओ को सौंप दी है जिसके कर्ता धर्ता संघ परिवार से हैं। 2019 में गठन के उपरांत यह संस्थान जितनी परीक्षाओ का आयोजन किया है उससे ज्यादा पेपर लीक कराये हैं। विश्वविद्यालयों में सक्षम व्यक्ति के स्थान पर कुलपति बनने की योग्यता संघ की पृष्ठभूमि तय कर दी गई है। विदित हो कि देश शिक्षा और रोजगार के गंभीर संकट से गुजर रहा है। देश मे व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमता ने बुनियादी शिक्षा के साथ ही साथ व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को अपंग बना दिया है। इसका नतीजा बार-बार पेपर लीक, परीक्षाओं का रद्द होना, परीक्षार्थियों को दुबारा परीक्षा में बैठना, व्यावसायिक परीक्षाओं का समय से न होना और रोजगार संकट के रूप में सामने आ रहा है। शिक्षा जगत की अव्यवस्था और बेरोजगारी से परेशान युवाओं और उनके अभिभावकों की समस्याओं को समझते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कोटा राजस्थान के दशहरा मैदान में छात्रों से खुला संवाद किया। छात्रों की गूंज नाम के इस संवाद को लॉन्च करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा भारत मे लादी गई शिक्षा व्यवस्था भारत में छात्रों को दबती है, उन्हें मारती है। यह शिक्षा व्यवस्था सलेक्शन नहीं रिजेक्शन का माध्यम बन गई है।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया गया पौधरोपण

राहुल गांधी के 56 वां जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में आम और लीची के पौधों का पौधरोपण कर मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक भी काटा। कार्यकर्ताओं ने इस संकल्प को दोहराया कि वर्ष 2029 में देश मे राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बना देश के बदतर हुए हालात को बदला जाएगा। इस दौरान हेमंत सिन्हा, इंद्रजीत सिंह धंजल, मो इस्लाम, विनीत विशाल जायसवाल, दुर्गेश गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, लोकेश कुमार, गुरुप्रीत सिद्धू, रजनीश सिंह, जीवन यादव, आशीष जायसवाल, शिवप्रसाद अग्रहरि, विकास शर्मा, पंकज शुक्ला, आलोक गुप्ता, रोशन कन्नौजिया, अंकित जायसवाल आदि मौजूद थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर

मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन
सुप्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह
सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत विशेषज्ञ डॉ.हिमांशु कोल्हे
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.के.एस.भाटिया
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.अंबर गर्ग

1.5 TESLA MRI
BLOOD BANK CENTER

21 जून 2026, माह के तीसरे रविवार

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090

आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध